सलाहकार (हिन्दी अनुवादक) के तात्कालिक साक्षात्कार (Walk – in – Interview) हेतु विस्तृत विज्ञापन

राष्ट्रीय इलेक्ट्रोनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (रा. इ. सू. प्रौ. सं.), भारत सरकार के इलेक्ट्रोनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की एक स्वायत्त वैज्ञानिक संस्था है, जो मानव संसाधन विकास और इससे संबंधित कौशल विकास, क्षमता निर्माण के साथ सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स, ईएसडीएम, ई – गवर्नेंस, साइबर सुरक्षा आदि के क्षेत्रों में औपचारिक और अनौपचारिक रूप से शिक्षा और प्रशिक्षण परियोजना संबंधित गतिविधियों से जुड़ा हुआ है। यह संस्था देश के उन राष्ट्रीय परीक्षा निकायो में से एक है , जो गैर- औपचारिक रूप से सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र मे पाठ्यक्रम के संचालन के लिए संस्थाओं / संगठनों को मान्यता देती है ।

रा. इ. सू. प्रौ. सं , नई दिल्ली स्थित अपने मुख्यालय में सलाहकार (हिन्दी अनुवादक) के पद हेतु, भारत सरकार से सेवानिवृत अनुभाग अधिकारी/ उप निदेशक/ संयुक्त निदेशक के स्तर के अधिकारियों या नीचे दिये गए पात्रता मापदंड को पूरा करने वाले अभ्यर्थी को तात्कालिक साक्षात्कार हेतु आमंत्रित करता है । सलाहकार का पद विशुद्ध रूप से छह महीने की अवधि के लिए होगा, जिसे आवश्यकता के आधार पर बढ़ाया जा सकता है ।

पदो की संख्या	:	01
शैक्षिक योग्यता	:	हिन्दी विषय सहित स्नातक की उपाधि , जिसके साथ अंग्रेज़ी एक विषय रहा हो या अध्ययन का माध्यम अंग्रेज़ी हो अथवा अंग्रेज़ी विषय सहित स्नातक की उपाधि, जिसके साथ हिन्दी एक विषय रहा हो या अध्ययन का माध्यम हिन्दी हो ।
आयु सीमा	:	सेवानिवृत अभ्यर्ती - 62 वर्ष अन्य अभ्यर्थी - 55 वर्ष तक
कार्य अनुभव	:	तकनीकी विषयो का अंग्रेज़ी से हिन्दी अथवा हिन्दी से अंग्रेज़ी में अनुवाद करने का कम से कम 8-10 वर्षो का अनुभव एवं कम्प्युटर पर हिन्दी में टंकण एवं एप्लिकेशन सोफ्टवेयर चलाने का अनुभव।
पारिश्रमिक	:	निर्धारित नियमानुसार (सेवानिवृत अभ्यर्ती के सम्बन्ध में) **/** ₹35,000 /- से ₹40,000/- तक योग्यतानुसार

इच्छुक अभ्यर्थी दिये गए निर्धारित प्रारूप के अनुसार विधिवत भरे गए आवेदन पत्र एवं अपने विस्तृत बायोडेटा के साथ दिनांक **22.06.2023 को प्रातः 10 से प्रातः 11.30 बजे** ,

राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के निम्नलिखित पते पर साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो सकते है :

कार्यालय का पता
राष्ट्रीय इलेक्ट्रोनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान
नाइलिट भवन (NIELIT BHAWAN)
प्लॉट संख्या – 3, PSP पॉकेट
सेक्टर – 8, इंस्टीटयूशनल एरिया
द्वारका , नई दिल्ली – 100077